अगस्त 2023

वर्ष 15 सं.8

वानिकी समाचार

अनुक्रमणिका

	पृ.स.
आज़ादी का अमृत महोत्सव और लाइफ (LiFE)	01
महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष	04
परामर्शी	04
कार्यशालाएँ/सेमिनार/बैठकें	05
प्रशिक्षण कार्यक्रम	08
समझौता ज्ञापन	10
प्रकृति कार्यक्रम	11
जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम	12
संस्थानों का दौरा	13
राजभाषा गतिविधियाँ	14
विविध	14
मानव संसाधन समाचार	14

आज़ादी का अमृत महोत्सव और लाइफ

भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- दिनांक 24 अगस्त 2023 को ऊर्जा संरक्षण विषय के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयी वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- दिनांक 5 अगस्त 2023 को वन महोत्सव का आयोजन किया गया और लगभग 50 गैर प्रकाष्ठ वनोत्पाद प्रजातियों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वीवीके लोंगनी, धर्मपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोंगनी (धर्मपुर) के 15 छात्रों और 3 शिक्षकों ने भाग लिया।
- दिनांक 13 अगस्त 2023 को 'मेरी माटी मेरा देश' विषय के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मशवीर (सोलन) तथा ग्राम पंचायत जौना जी (सोलन) के पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा वन महोत्सव 2023 मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला ने मेरी माटी मेरा देश विषय के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया

भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- दिनांक 7 अगस्त 2023 को भारत के वन कार्बन साइकल चुनौतियों और प्रारंभिक परिणामों पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।
- दिनांक 14 अगस्त 2023 को बांस–पौधशाला और खेती पर एक प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में होसेकोटे के 3 गांवों (गोट्टीपुरा, अट्टीवता और दशरहल्ली) के किसानों और बांस कारीगरों सहित 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- दिनांक 10 अगस्त 2023 को बीजाडांडी ब्लॉक के जमुनिया गांव के आदिवासी समुदाय के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 11 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं. परिसर में विदेशी, आक्रामक खरपतवार–पार्थेनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर, वैज्ञानिकों, तकनीकी संवर्ग के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा भारत के वन कार्बन साइकल चुनौतियों और प्रारंभिक परिणामों पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया

भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने विदेशी, आक्रामक खरपतवार–पार्थेनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया

भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- दिनांक 16 अगस्त 2023 को पूर्व सैनिकों और होम गार्डों सहित लगभग 100 प्रतिभागियों के लिए पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रतिभागियों को पौधों की देखभाल, सिंचाई का समय, रोग प्रबंधन, छंटाई, जल संरक्षण पर व्याख्यान और अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई।
- दिनांक 24 अगस्त 2023 को पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय, पतरातू के 5 शिक्षकों के साथ कक्षा 6 से 10 तक के 170 छात्रों को जल संचयन और ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों के बारे में समझाया गया।

भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- दिनांक 4 अगस्त 2023 को संस्कृत भाषा के महत्व पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों, शोधार्थियों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.–वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा संस्कृत भाषा के महत्व पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

- दिनांक 15 अगस्त 2023 को जैव विविधता और इसके संरक्षण पर जागरूकता पैदा करने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद के 50 कर्मचारियों ने भाग लिया।

77वां स्वतंत्रता दिवस 2023

भा.वा.अ.शि.प., देहरादून, इसके संस्थानों और केंद्रों द्वारा 15 अगस्त 2023 को 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

भा.वा.अ.शि.प., देहरादून में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बटूर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरू में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–बां.बें.कें., अइज़ोल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

भा.वा.अ.शि.प.–पा.पु.कें., प्रयागराज में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- ***एग्रेटिना एडेनोफोरा*** के गॉल से प्रभावित पौधों के संग्रह के लिए व.अ.सं. परिसर, देहरादून में सर्वेक्षण किया गया और लगभग 40 गॉल एकत्रित की गई। स्टेम गॉल फ्लाई ***प्रोसीडोचारेस यूटिलिस*** के पालन के लिए 20 गॉल को पिंजरो में रखे गये,पिंजरा सख्या–1 में एक शलभ प्रकट हुआ, एक मादा ब्रैकोनिड परजीवी पिंजरा सख्या–02 में निकला और एक अज्ञात परजीवी पिंजरा सख्या– 05 में निकला। खराब या उभरे/बिना उभरे 20 गॉल्स को स्टीरियोस्कोप माइक्रोस्कोप की सहायता से विच्छेदित किया गया, जिसमें विभिन्न कुलों के हाइमनोप्टेरान परजीव्याभ की 10 प्रजातियां, जैसे ल्यूकोस्पिडे के 05, ब्रैकोनिडे के 04 और यूरीटोमिडे के 01 नर पाए गये और आगे के अध्ययन के लिए 70: अल्कोहल में संरक्षित किया गया।

- ***पुनिका ग्रैनटम*** के 25: जलीय मेथनॉल (AM) फलों के छिलके के सत्त से पृथक एथिल एसीटेट (EA) और एन–ब्यूटेनॉल (BU) अंशों की पात्रे एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि (AOXA) की डीपीपीएच फ्री रेडिकल स्कैवेंजिंग और फेरिक आयन न्यूनन पावर एसेज़ (FRAP) का उपयोग करके जांच की गई। डीपीपीएच फ्री रेडिकल स्कैवेंजिंग एसेज़ में, मानक एंटीऑक्सीडेंट एस्कॉर्बिक एसिड (IC50 0.67 μg/ml) की तुलना में, ईए (IC50 0.49 μg/ml) अंश डीपीपीएच फ्री रेडिकल स्कैवेंजिंग में अधिक शक्तिशाली था जबकि बीयू (IC50 0.62 μg/ml) ने तुलनीय गतिविधि दिखाई। FRAP एसेज़ में, मानक एंटीऑक्सीडेंट गैलिक एसिड की तुलना में, ईए अंश (सांद्रता 40 g/ml) बीयू अंश की तुलना में अधिक प्रभावी था। एग–एल्ब्यूमिन एसेज़ (प्रोटीन विकृतीकरण एसेज़) का उपयोग करके ईए और बीयू अंशों की पात्रे एंटी–इन्फ्लैमेटरी गतिविधि के मूल्यांकन से पता चला कि ईए अंश (IC50 8.30 μg/ml) मानक (डाइक्लोफेनाक सोडियम, IC50 10.67μg/ml) की तुलना में बीयू (IC50 11.11 μg/ml) से अधिक प्रभावी है।

भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण औषधीय पौधों की प्रजातियों ***एम्बेलिया त्सजेरियम–कोट्टम*** (बैविडांग) और ***डेस्मोडियम गैंगेटिकम*** (सलपर्णी) के नवोद्भिद के उत्पादन के लिए पौधशाला तकनीक का मानकीकरण किया गया और भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं. परिसर में ***एम्बेलिया त्सजेरियम–कोट्टम*** (बायविडांग) के जननद्रव्य भण्डार की स्थापना की गई।

परामर्शी कार्य

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

विभिन्न वैज्ञानिक परामर्शी परियोजनाओं पर कार्य किया गया और इस अवधि के दौरान संबंधित एजेंसियों को निम्नलिखित रिपोर्टें सौंपी गईं:

सौंपी गई रिपोर्टः

1. केटीके–III ओसी खदान की अंतिम पर्यावरण ऑडिट रिपोर्ट एससीसीएल माइंस को सौंपी गई।
2. पीवीके–5 यूजी खदान की अंतिम पर्यावरण ऑडिट रिपोर्ट एससीसीएल माइंस को सौंपी गई।
3. भटाडी ओसीपी डब्ल्यूसीएल की अंतिम पर्यावरण ऑडिट रिपोर्ट कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), कोलकाता को सौंपी गई।
4. मनुगुरु ओसीपी एससीसीएल की अंतिम पर्यावरण ऑडिट रिपोर्ट एससीसीएल माइंस को सौंपी गई।
5. बीसीसीएल, धनबाद की क्लस्टर–VII माइंस की ड्राफ्ट पर्यावरण ऑडिट रिपोर्ट कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), कोलकाता को सौंपी गई।

प्रस्तुत नया प्रस्तावः

1. एमएल संख्या 2679 में वनस्पतियों, जीवों और पारिस्थितिक संतुलन पर विभिन्न पर्यावरण संरक्षण उपायों के प्रभाव के आकलन के लिए प्रस्ताव, मेसर्स संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओरेस लिमिटेड, संदुर तालुक, बेल्लारी जिला, कर्नाटक को प्रस्तुत किया गया।
2. भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लागू पर्यावरणीय मंजूरी शर्तों के अनुपालन के तृतीय पक्ष मूल्यांकन का प्रस्ताव, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची, झारखंड की कोयला खदानों को प्रस्तुत किया गया।

कार्यशालाएँ / सेमिनार / बैठकें

भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

1.	कृषि वानिकी विस्तारः मुद्दे और चुनौतियाँ पर मासिक वेबिनार	11 अगस्त 2023	व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय के छात्रों, प्रभागों के प्रमुखों, अधिकारियों, वैज्ञानिकों, किसानों, अन्य काष्ठ उद्योगों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य हितधारकों सहित 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
2.	भारत में वृक्ष स्थानांतरण पर वेबिनार	24 अगस्त 2023	व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय के छात्रों, प्रभागों के प्रमुखों, अधिकारियों, वैज्ञानिकों, और अन्य हितधारकों सहित लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया

भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

3.	अनुसंधान सलाहकार बैठक	23 अगस्त 2023	भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. और कर्नाटक वन विभाग के कर्मचारियों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों सहित 40 प्रतिभागी

भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा कृषि वानिकी विस्तारः मुद्दे और चुनौतियां पर एक मासिक वेबिनार आयोजित किया गया

भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा अनुसंधान परामर्शी बैठक आयोजित की गई

भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची

4.	वन की उत्पादकता में सुधार और निम्नीकृत भूमि प्रबंधन के माध्यम से आजीविका का सृजन विषय पर क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन (आरआरसी) 2023	4 अगस्त 2023	भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं. रांची और भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया और इसमें दोनों संस्थानों और तेलंगाना के राज्य वन विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर			
5.	ट्रीजीनी मोबाइल ऐप पर कार्यशाला	10 अगस्त 2023	संस्थान के अधिकारी एवं वैज्ञानिक
6.	वन जैवसंसाधन–मूल्यवर्धन को अवसर और चुनौतियाँ पर क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन	25 अगस्त 2023	वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, हितधारकों, छात्रों और वन विभागों के अधिकारियों सहित 150 प्रतिभागी
7.	तमिलनाडु के वन मृदा स्वास्थ्य कार्डों पर प्री–रिलीज़ हितधारकों की परामर्श बैठक	28 अगस्त 2023	तमिलनाडु वन विभाग के मंडल स्तर के अधिकारी, कार्य योजना अधिकारी, जिला वन अधिकारी और सभी भा.वा.अ .शि.प. संस्थानों के प्रधान अन्वेषक
भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर			
8.	संकटमय वृक्ष प्रजातियों के प्रवर्धन के लिए पौधशाला प्रौद्योगिकी पर क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन 2023	18 अगस्त 2023	एपीसीसीएफ (आरटी) चंद्रपुर, सीसीएफ, आरटी, पुणे, महाराष्ट्र, सीसीएफ (आरटी), रायपुर, छत्तीसगढ़, वानिकी पेशेवर, एसएयू प्रोफेसर, आईजीकेवी, रायपुर, केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर, पीडीकेवीवी, अकोला(महाराष्ट्र), वैज्ञानिक, एसएफआरआई और भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर

भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा वन जैवसंसाधन–मूल्यवर्धन के अवसर और चुनौतियों पर क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन आयोजित किया गया

भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा संकटमय वृक्ष प्रजातियों के प्रवर्धन के लिए पौधशाला प्रौद्योगिकी पर क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन 2023 का आयोजन किया गया

भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयी वन अनुसंधान संस्थान, शिमला			
9.	अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक	9 अगस्त 2023	संस्थान के सभी वैज्ञानिक और अनुसंधान कर्मचारी
10.	निम्नीकृत भूमि की पर्यावरण पुनःस्थापन पर क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन (आरआरसी) 2023	28 अगस्त 2023	हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, लद्दाख के राज्य वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, निदेशक, तथा भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं.और हि.व.अ.सं., शिमला के वैज्ञानिक
11.	जैव विविधता संरक्षण और पारिस्थितिक सुरक्षा विषय के अंतर्गत जैव विविधता संरक्षण और प्रबंधन पर सेमीनार	29 अगस्त 2023	संस्थान के सभी वैज्ञानिक और अनुसंधान कर्मचारी
भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट			
12.	जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, अनुकूलन और संवेदनशीलता:पूर्वोत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य पर चौथा क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन (आरआरसी)	11 अगस्त 2023	गैर सरकारी संगठन के सदस्यों, विभिन्न उत्तर–पूर्वी राज्यों के वन विभाग के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, वरिष्ठ अधिकारियों और अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों सहित 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
13.	गुणवक रोपण सामग्री पर कार्यशाला	12 अगस्त 2023	असम वन विभाग, असम कृषि विश्वविद्यालय, चाय बागानों, एफपीओ, काष्ठ और प्लाईवुड उद्योग, टोकलाई चाय अनुसंधान संस्थान, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, टीओएफआई, संस्थान के अधिकारियों और वैज्ञानिकों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों सहित 45 प्रतिभागी

भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, अनुकूलन और संवेदनशीलता: पूर्वोत्तर भारती के परिप्रेक्ष्य पर चौथा क्षेत्रीय अनुसंधान सम्मेलन (आरआरसी) आयोजित किया गया।

भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर			
14.	तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला: **1.** भंगुर मरुस्थलीय पारितंत्र के लिए सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के सुनिश्चित तरीके। **2.** भंगुर पारितंत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए पर्यावरण कानून प्रवर्तन में चुनौतियाँ, मानव–पशु संघर्ष, और समाधान।	7 से 9 अगस्त 2023	27 भा.व.से. अधिकारी

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर			
1.	प्लस ट्री की पहचान और चयन प्रक्रिया	1 अगस्त 2023	तमिलनाडु वन विभाग के 45 वन रेंज अधिकारी
2.	बीज संग्रहण, प्रसंस्करण, बीज पूर्व उपचार, भंडारण, बीज परीक्षण और बीज प्रमाणीकरण	1 अगस्त 2023	तमिलनाडु वन विभाग के 45 वन रेंज अधिकारी

बीज संग्रहण, प्रसंस्करण, बीज पूर्व उपचार, भंडारण, बीज परीक्षण और बीज प्रमाणीकरण पर प्रशिक्षण

प्लस ट्री की पहचान और चयन प्रक्रिया पर प्रशिक्षण

भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर			
3.	वानिकी में रोग एवं नाशीकीट प्रबंधन	23 से 24 अगस्त 2023	पचुंगा यूनिवर्सिटी कॉलेज, वानिकी विभाग, मिजोरम विश्वविद्यालय के शोधार्थियों, वन प्रशिक्षण स्कूल, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, मिजोरम सरकार के अग्रिम पंक्ति कर्मचारी सहित 23 प्रतिभागी

	भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर		
4.	बांस प्रवर्धन और पौधशाला प्रबंधन	7 से 11 अगस्त 2023	छत्तीसगढ़ राज्य वन विभाग के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी
5.	प्रवर्धन और उच्च तकनीक पौधशाला तकनीकें	21 से 25 अगस्त 2023	छत्तीसगढ़ राज्य वन विभाग के 15 अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी

प्रवर्धन और उच्च तकनीक पौधशाला तकनीकों पर प्रशिक्षण

	भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट		
6.	वन आधारित आजीविका के अवसर	21 से 22 अगस्त 2023	बुरालिकसन क्षेत्र, गोलाघाट, असम के 30 किसान
7.	बांस और इसके विविध अनुप्रयोग	25 से 26 अगस्त 2023	स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश के 8 छात्र
8.	अगरवुड की खेती और कृत्रिम संरोपण	28 से 29 अगस्त 2023	चारिंगिया गांव, भोगामुख, जोरहाट असम से 38 प्रशिक्षु

वन आधारित आजीविका के अवसरों पर प्रशिक्षण

अगरवुड खेती और कृत्रिम संरोपण पर प्रशिक्षण

समझौता ज्ञापन

- भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने 1 अगस्त 2023 को जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एक्शन एंड स्टडीज (XIDAS), जबलपुर और गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, जबलपुर के साथ दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर और जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एक्शन एंड स्टडीज (XIDAS), जबलपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये

भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर और गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, जबलपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

- दिनांक 3 अगस्त 2023 को भारत में चंदनकाष्ठ (*सैंटालम एल्बम* एल) की खेती के एआईसीआरपी संरक्षण, सुधार, प्रबंधन और संवर्धन के अंतर्गत चंदनकाष्ठ (*सैंटालम एल्बम* एल) में एसएसआर डीएनए चिह्नकों का उपयोग करके आनुवंशिक विविधता अध्ययन करने के लिए भा.वा.अ.शि.प. –शु.व.अ.सं., जोधपुर और निदेशक, केरल वन अनुसंधान संस्थान (KSCSTE-KFRI½ पीची केरल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर और निदेशक, केरल वन अनुसंधान संस्थान (KSCSTE-KFRI) पीची केरल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला ने पर्यावरण–अनुकूल तरीके से वानिकी नवाचारों और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और उनकी समृद्धि लाने में भागीदार बनने के लिए मिलकर काम करने के लिए 9 अगस्त 2023 को हिमालयन रिसर्च ग्रुप, शिमला के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला ने हिमालयन रिसर्च ग्रुप, शिमला के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

- दिनांक 23 अगस्त 2023 को सहयोगात्मक अनुसंधान गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु और सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (CeNS), बेंगलुरु द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- दिनांक 24 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर और



भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर और नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज (CeNS), बेंगलुरु के बीचसमझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज (CeNS), बेंगलुरु के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज–टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

प्रकृति कार्यक्रम

भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- गीतांजलि पब्लिक स्कूल, कोयंबटूर के 91 छात्रों ने 4 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस वन संग्रहालय का दौरा किया।
- गवर्नमेंट हाई स्कूल कनुवाई, कोयंबटूर के 47 छात्रों ने दिनांक 7 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया और छात्रों को प्रदूषण और नियंत्रण उपायों पर एक व्याख्यान दिया गया।

गवर्नमेंट हाई स्कूल कनुवाई, कोयंबटूर के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

- एनजीपी स्कूल, कोयंबटूर, लिटिल ज़ेबरा स्कूल, कोयंबटूर और निर्मला माथा मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयंबटूर के 437 छात्रों ने 10 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस वन संग्रहालय का दौरा किया और छात्रों को शहरी वन और प्लास्टिक प्रदूषण पर एक व्याख्यान दी गई।
- श्री विश्वेश्वर विद्यालय मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयंबटूर, एनजीपी स्कूल, कोयंबटूर, विबग्योर स्कूल कोयंबटूर, रथिनम इंटरनेशनल स्कूल,

श्री विश्वेश्वर विद्यालय मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयंबटूर, एनजीपी स्कूल, कोयंबटूर, विबग्योर स्कूल कोयंबटूर, रथिनम इंटरनेशनल स्कूल, ईचनारी के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

- विवेहम प्राइम एकेडमी, धारापुरम और विश्वंकर पब्लिक स्कूल के 143 छात्रों ने 17 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस वन संग्रहालय का दौरा किया और छात्रों को टेरेस गार्डन पर एक व्याख्यान दिया गया।

भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- एमईएस किशोर केंद्र, मल्लेश्वरम, बेंगलुरु के 4 संकाय सदस्यों के साथ कक्षा V के 110 छात्रों ने 1 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. परिसर में पौधशाला, काष्ठ संग्रहालय का दौरा किया और संस्थान के परिसर में स्थित प्रकृति की सैर की।

एमईएस किशोर केंद्र, मल्लेश्वरम, बेंगलुरु के 4 संकाय सदस्यों के साथ कक्षा V के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

- प्रेसीडेंसी स्कूल, बेंगलुरु नॉर्थ के 4 संकाय सदस्यों के साथ कक्षा IX के 162 छात्रों ने 10 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में पौधशाला, काष्ठ संग्रहालय का दौरा किया।

प्रेसीडेंसी स्कूल, बेंगलुरु नॉर्थ के 4 संकाय सदस्यों के साथ कक्षा IX के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

- सेंट जोसेफ स्कूल, बैंगलोर के 2 संकाय सदस्यों के साथ कक्षा XI और XII के 39 छात्रों ने 21 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. परिसर में ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, आण्विक प्रयोगशाला, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला और काष्ठ संग्रहालय का दौरा

- **भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयी वन अनुसंधान संस्थान, शिमला**
- दिनांक 3 अगस्त 2023 को शिमला के जूटोघ स्थित सेंटर स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- दिनांक 5 अगस्त 2023 को वीवीके लोंगानी धरमपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोंगानी (धर्मपुर) के 15 छात्रों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्हें विभिन्न वानिकी प्रजातियों की पौधशाला और वृक्षारोपण गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- श्री नारायण कॉलेज, तिरुवनंतपुरम के पीजी वनस्पति विज्ञान के 25 छात्रों ने 3 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया। छात्रों को संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में भी बताया गया।

श्री नारायण कॉलेज, तिरुवनंतपुरम के पीजी वनस्पति विज्ञान के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के पादप आनुवंशिक संसाधन प्रभाग के 30 पीजी छात्रों ने 17 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया और उन्हें वन आनुवंशिक संसाधनों और संरक्षण कार्यनीतियों के बुनियादी और व्यावहारिक पहलुओं के बारे में समझाया गया।

तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के पादप आनुवंशिक संसाधन प्रभाग के पीजी छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

- विवेकानंद कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, नमक्कल के जूलॉजी विभाग के 48 छात्रों और 3 संकाय सदस्यों ने 17 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।
- फॉरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुलुगु, हैदराबाद के संकाय सदस्यों के साथ 55 बी.एससी. (वानिकी) छात्रों ने 22 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।
- पीजीपी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, नमक्कल के 33 छात्रों और 2 कर्मचारियों (बायोकैमिस्ट्री और बायोटेक) ने 30 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।

पीजीपी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, नमक्कल के छात्रों और कर्मचारियों (बायोकैमिस्ट्री और बायोटेक) ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर से एमएससी कृषि के 30 छात्रों ने वृक्ष फसलों में संकरण तकनीक सीखने के लिए 31 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।

भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- माउंट कार्मेल कॉलेज, बेंगलुरु के 2 संकाय सदस्यों के साथ एमएससी लाइफ साइंस के 32 छात्रों ने 4 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, आण्विक प्रयोगशाला, पौधशाला, जाइलेरियम, वुड एनाटॉमी प्रयोगशाला, काष्ठ कर्मशाला, काष्ठ संग्रहालय और उन्नत काष्ठ कर्म प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया।

माउंट कार्मेल कॉलेज, बेंगलुरु के संकाय सदस्यों के साथ एमएससी लाइफ साइंस के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

- दिनांक 10 अगस्त 2023 को जोरहाट इंजीनियरिंग कॉलेज, जोरहाट,असम के 15 सिविल इंजीनियरिंग छात्रों को भूकंप प्रतिरोधी बांस आवास प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया गया।

- फॉरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुलुगु, हैदराबाद के बीएससी वानिकी के 55 छात्रों और 2 संकाय सदस्यों ने 21 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. परिसर में ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, आण्विक

फॉरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुलुगु, हैदराबाद के बीएससी वानिकी के छात्रों और संकाय सदस्यों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

प्रयोगशाला, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, जाइलेरियम, काष्ठ कर्मशाला, काष्ठकर्म केंद्र और काष्ठ संग्रहालय प्रयोगशाला का दौरा किया।

- फ़ॉरेस्ट कॉलेज और रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुलुगु, हैदराबाद के 55 छात्रों को दिनांक 21 अगस्त 2023 को प्लाईवुड और पार्टिकल बोर्ड निर्माण प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- छत्तीसगढ़ राज्य वन विभाग के 30 अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों ने 7 और 25 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया। उन्हें संस्थान के संग्रहालय सह व्याख्या केंद्र में प्रदर्शित भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं. प्रौद्योगिकियों के बारे में बताया गया।
- कृषि महाविद्यालय, पीडीकेवी, अकोला (महाराष्ट्र) के 10 शिक्षकों के साथ बीएससी कृषि तृतीय वर्ष के 170 छात्रों ने 30 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया और उन्हें संस्थान के संग्रहालय सह व्याख्या केंद्र में प्रदर्शित भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं. प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी गई।

कृषि महाविद्यालय, पीडीकेवी, अकोला (महाराष्ट्र) के शिक्षकों के साथ बीएससी कृषि तृतीय वर्ष के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- जोरहाट केन्द्रीय महाविद्यालय, केंदुगुरी, जोरहाट के 40 बीएससी छात्रों, कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश से 23 बीएससी हॉर्टिकल्चर छात्रों और भारतीय विद्या भवन स्कूल,अगरतला के 2 शिक्षकों सहित 32 छात्रों को 29 और 31 अगस्त 2023 को बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन, मूल्यवर्धन और बांस संरक्षण तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और ऊतक संवर्धन, वीपीआई इकाई, बांस बिथिका, लाख की खेती, वनस्पति उद्यान, ऑर्किडेरियम और वर्मीकम्पोस्टिंग पर अनुसंधान और विकास गतिविधियों से अवगत कराया गया।

संस्थानों का दौरा

- केन्या वन अनुसंधान संस्थान, नैरोबी के वैज्ञानिकों ने 24 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया। भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून की निदेशक डॉ. रेनू सिंह ने उन्हें संबोधित किया और संस्थान एवं इसकी अनुसंधान गतिविधियों के बारे में बताया।

- चार गणमान्य व्यक्तियों यथा जापान से कुवाबारा शियो, नात्सुकी नाकामुरा और भारत से फरहान आर. खान, एनईसीबीडीसी, बर्नीहाट से पी. माली ने 30 अगस्त 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया।

जापान, भारत और बर्नीहाट के गणमान्य व्यक्तियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया

राजभाषा गतिविधियां

- भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने 1 अगस्त 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की। संस्थान के कर्मचारियों ने बैठक में भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने 23 अगस्त 2023 को राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली में उपयुक्त प्रविष्टियाँ विषय पर एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं. और भा.वा.अ.शि.प., देहरादून के कर्मचारियों सहित 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया

विविध

- भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने परिसर में अगस्त महीने के प्रत्येक सप्ताह में चार स्वच्छता अभियान चलाए। इन अभियानों में भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट के 25 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने 18 अगस्त 2023 को पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रतिज्ञा पाठ में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

संरक्षक:
श्री अरूण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून
संपादक मंडल:
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
डॉ. विश्वजीत शर्मा, वरिठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य
हिन्दी संस्करण:
श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक,(राजभाषा), सदस्य
प्रत्याख्यान:
•केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
•वानिकी समाचार में प्रकाि ात सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यत: प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
•यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।

मानव संसाधन समाचार

प्रतिनियुक्ति पर नियुक्तियाँ

अधिकारी का नाम	दिनांक
श्री जे. श्रीराम, भा.व.से. (छत्तीसगढ़:2009), वन संरक्षक, भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर	07.08.2023 07.08.2023
श्री संबुद्ध मजूमदार, भा.व.से. (केरल:2016), उप वन संरक्षक, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून	
श्रीमती दीप शिखा शर्मा, भा.व.से. (एजीएमयूटी:2011), उप वन संरक्षक, भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला	21.08.2023
श्री आर. आनंद, भा.व.से. (हरियाणा:2011), उप वन संरक्षक, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून	28.08.2023

स्थानांतरण

अधिकारी का नाम	दिनांक
श्री संजीव कुमार, वैज्ञानिक–'ई' भा.वा.अ.शि.प. –व.उ.सं., रांची से सतत भूमि प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून	25.08.2023
डॉ. मनीष कुमार, वैज्ञानिक–'ई' भा.वा.अ.शि.प.– व.व.अ.सं., जोरहाट से सतत भूमि प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून	28.08.2023
श्री हंस राज शर्मा, वैज्ञानिक–'ई' भा.वा.अ.शि.प. –व.व.अ.सं., जोरहाट से सतत भूमि प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून	30.08.2023

पदोन्नति

अधिकारी का नाम	दिनांक
श्री जी. सुभाष चंद्र बोस, भा.वा.अ.शि.प.– का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु	30.08.2023